कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता,
(शासकीय स्वशासी संस्था) महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर
कार्यालय दूरभाष नंबर :–0731–2527383, 2527679 ईमेल :– dean.ind@mp.gov.in
फैक्स नंबर :–0731–2514628 वेबसाईट :–www.mgmmcindore.in

क्रमांक/ 1179 /स्था./वि./स्व./2024 इन्दौर, दिनांक 04/1/24

## //विज्ञप्ति//

"म.प्र.स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018" के अंतर्गत प्राध्यापक/सह–प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु केवल म.गॉ. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर में कार्यरत एन.एम.सी. द्वारा निर्धारित प्रचलित टी.ई.क्यू. (T.E.Q.) प्राध्यापक/सह–प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक से संस्था स्तर पर सीधी भर्ती (IN-HOUSE) आवेदन आमंत्रण किये जाते हैं :– **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 29.01.2024 है।**

**प्राध्यापक**
**संस्था स्तर पर सीधी भर्ती (IN-HOUSE)**
वेतनमान– 37400–67000+10000 (सातवें वेतनमान में लेवल 14 न्यूनतम 1,44,200/–)

| कं | विभाग का नाम | रिक्त पदों की संख्या | रोस्टर अनुसार श्रेणीवार पद संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | SC | ST | OBC | EWS |
| 1 | अस्थि रोग | 02 | 01 | – | 01 | – | – |
| | कुल रिक्त पद | 02 | 01 | – | 01 | – | – |

**सह–प्राध्यापक**
**संस्था स्तर पर सीधी भर्ती (IN-HOUSE)**
वेतनमान– 37400–67000+9000 (सातवें वेतनमान में लेवल 13ए न्यूनतम 1,31,400/–)

| कं | विभाग का नाम | रिक्त पदों की संख्या | रोस्टर अनुसार श्रेणीवार पद संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | SC | ST | OBC | EWS |
| 1 | जनरल सर्जरी | 02 | 01 | – | 01 | – | |
| 2 | पिडीयाट्रिक सर्जरी | 01 | 01 | – | – | – | – |
| 3 | मनोरोग (01–सी.ओ.ई.) | 02 | 01 | – | 01 | – | – |
| 4 | मेडिकल आंकोलॉजी | 01 | 01 | – | – | – | – |
| | कुल रिक्त पद | 06 | 04 | – | 02 | – | – |

**सहायक प्राध्यापक (पदोन्नति/सीधी भर्ती)**
**संस्था स्तर पर सीधी भर्ती (IN-HOUSE)**
वेतनमान– 15600–39100+7000 (सातवें वेतनमान में लेवल 11 न्यूनतम 68900/–)

| कं | विभाग का नाम | रिक्त पदों की संख्या | रोस्टर अनुसार श्रेणीवार पद संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | SC | ST | OBC | EWS |
| 1 | पैथालॉजी | 01 | 01 | – | – | – | – |
| | कुल रिक्त पद | 01 | 01 | – | – | – | – |

उपरोक्त चिन्हित पदों मे [ SC = अनुसूचित जाति] [ST = अनुसूचित जनजाति ] उम्मीदवार हेतु आरक्षित है। **पदों की संख्या कम/अधिक की जा सकती है। विस्तृत विवरण आवेदन का प्रारूप इत्यादि विभागाध्यक्ष के वॉट्सअप ग्रुप एवं चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।**

(डॉ. संजय दीक्षित)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
म.गां.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय इन्दौर

Dean & C.E.O.
M.G.M. Medical College &
Associate Hospitals
(Autonomous ...

टीप – समस्त पदों के लिये राज्य शासन द्वारा समय समय पर स्वीकृत वेतनमान एवं अन्य भत्ते आदि देय होंगे।

1. पदों पर आरक्षण राज्य शासन के द्वारा समय समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगा।
    - जाति प्रमाण पत्र : आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जायेगा।
2. शैक्षणिक अर्हताये :–
    - राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित प्रचलित टी.ई.क्यू. मे विषयवार निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य अर्हतायें।
    - अभ्यर्थी को मध्यप्रदेश मेडिकल कौंसिल/नेशनल मेडिकल कौसिंल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

3. निरर्हतायें–

4–1 विकृत चित्त वाला होने पर।
4–2 दुश्चरित्र होने पर।
4–3 शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो।
4–4 नियुक्ति के लिये प्रयास/अनुशंसा – किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास/अनुशंसा उसके लिये अनर्हकारी माना जायेगा।
4–5 विवाह संबंधी – जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम निर्धारित आयु (पुरूष वर्ग के लिये 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिये 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जायेगा। कोई भी ऐसे महिला/पुरूष उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष/महिला से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नी/पति हो, ऐसे महिला/पुरूष नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे।
4–6 कूट रचित/फर्जी दस्तावेज एवं चयन के स्तर पर जानकारी छिपाये जाने/अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर।
4–7 कदाचरण संबंधी – किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नहीं किया जावेगा, यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिये परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो।
4–8 ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।
4–9 स्वास्थ्य संबंधी – चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक जिसका पद सिविल सर्जन से कम न हो, के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात् शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ पाया जाए तथा वह ऐसा प्रमाण पत्र जारी करें।

4. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में सेवारत व्यक्ति, जो सीधी भर्ती के पद के लिये अर्हताधारी हो सीधी भर्ती के पद के विरूद्ध आवेदन देने के लिये स्वतन्त्र होगा ओर ऐसे आवेदन के लिये उसे नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र नही लेना होगा ।
5. चिकित्सा शिक्षक को उसके पद के अनुरूप कर्त्तव्यों का तथा समय–समय पर सौपे गये प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करना होगा।
6. ऐसे चिकित्सा शिक्षक जिनकी नियुक्ति राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा (राजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 1987 के तहत की हो के द्वारा उच्च पद के लिये आवेदन किया जाता है और यदि उसका चयन किया जाता है तो वह स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में ऐसे वरिष्ठ पद पर लिया जा सकेगा।

8. **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथिः**–शासकीय स्वशासी म0गॉ0स्मृ0 चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर में आवेदन पत्र दिनांक 29.01.2024 को सायं 05.00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिये। आवेदन व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में जमा कराये जा सकते है। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा।

9.चयन प्रक्रिया हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

10. उपरोक्त विज्ञापन की जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय इन्दौर के समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष तथा अस्पताल व चिकित्सा महाविद्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

11. साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपना पासपोर्ट साइज के दो रंगीन फोटो एवं समस्त दस्तावेजों की दो–दो प्रति स्वप्रमाणित साथ लेकर अनिवार्य रूप से आवें।

**महत्वपूर्ण टीप** :–यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हतायें और शर्तो को पूरा करते है। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं करे ले ओर अर्हता की **समस्त शर्ते पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरे।** चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जायेगी। आवेदक के विरूद्ध पुलिस प्रकरण अथवा किसी भी प्रकार की जांच न हो जिसके कारण आवेदक की नियुक्ति प्रभावित होती हो, इस आशय से संबंधित घोषणा पत्र जो की आवेदन के प्रारूप में दिया गया है। यह शर्त भी उसमें समाहित रहेगी।

(डॉ. संजय दीक्षित)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
म.गा.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय इन्दौर

Dean & C.E.O.
M.G.M. Medical College &
Associate Hospitals
(Autonomous Society) Indore (M.P.)

# आवेदन का प्रारूप

**प्राध्यापक / सह–प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक सीधी भर्ती (In-House) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र**

**(अंतिम तिथि 29.01.2024)**

(केवल म.गॉ. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय इन्दौर में कार्यरत चिकित्सा शिक्षकों हेतु।)

पदनाम एवं विभाग ....................................................................................................

स्वप्रमाणित फोटो

नोटः सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जावे।

आवेदन शुल्कः– आवेदन शुल्क रूपये अनारक्षित–3000/– आरक्षित श्रेणी हेतु 2000/–का आनलाईन (NEFT/UPI , etc.) स्टेट बैंक आफ इण्डिया एम.वाय.एच.केम्पस, इन्दौर के (Account No. 53003590071) (IFSC :- SBIN0030359) (M.G.M.Medical College, (Autonomous Society ) Indore के नाम से जमा कर रसीद संलग्न करें। (डिमांड ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होंगे।)

1. आवेदक का नाम ..............................................................................................
2. पुरूष / महिला....................................................................................................
3. पिता / पति का नाम (उपनाम सहित)...........................................................................
4. वर्तमान निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित)................................................................

   ......................................................................................................................

   शहर का नाम.............................. फोन नं.........................................................

   मोबाइल नं.................................ईमेलआईडी.......................................................
5. स्थाई पता..........................................................................................................

   ......................................................................................................................

   शहर का नाम.............................. फोन नं.........................................................

   मोबाइल नं..........................................................................................................
6. आधार कार्ड ......................................................................................................
7. वर्ग : अनारक्षित / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / विकलांग .

   ................. (आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करें)
8. मेडिकल काउन्सिल का पंजीयन क्रमांक एवं नाम तथा दिनॉक .......................................

   अ. (एम.बी.बी.एस. / बी.डी.एस.)–

   ब. एमडी / एमएस / एम.डी.एस.–

   स. एमसीएच / डीएम –
9. शैक्षणिक योग्यताऐंः–(प्रमाण–पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्रं | परीक्षा का नाम | संस्था / बोर्ड / वि.वि. | वर्ष | विषय | प्राप्तांक / पूर्णांक | एम.बी.बी.एस. के कुल प्राप्तांक / प्रतिशत | प्रयास (Attempt) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | MBBS/BDS First Prof. | | | | | | |
| 2 | MBBS/BDS Second Prof. | | | | | | |
| 3 | MBBS/BDS Final Part I | | | | | | |
| 4 | MBBS/BDS Final Part II | | | | | | |
| 5 | MD/MS/MCH/DM/MDS | | | | | | |

(प्रत्येक वर्ष का पृथक–पृथक भरे)

निरंतर..............

नोटः प्रत्येक परीक्षा के प्रयास **(Attempt)** प्रमाण पत्र अधिष्ठाता द्वारा प्रदत्त हो संलग्न करें।

10. शैक्षणिक अनुभव :–

| क्रमांक | पदनाम | पद पर कार्यभार ग्रहण का दिनांक | कुल शैक्षणिक अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1 | सह–प्राध्यापक | | |
| 2 | सहायक प्राध्यापक | | |

11. रिसर्च पब्लिकेशन :–''संलग्न प्रारूप अनुसार''(जानकारी विभागाध्यक्ष द्वारा अनुमोदित प्रस्तुत करें।)

| क्रमांक | पदनाम | रिसर्च पब्लिकेशन की संख्या एमसीआई नार्म्स अनुसार |
|---|---|---|
| 1 | सह–प्राध्यापक | |
| 2 | सहायक प्राध्यापक | |

12. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची (स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न करे)।

1. जन्मतिथि के लिये कक्षा 10 वीं की अंकसूची
2. एम.बी.बी.एस फर्स्ट प्रोफ. अंकसूची
3. एम.बी.बी.एस. सेकण्ड प्रोफ. अंकसूची
4. एम.बी.बी.एस. फाइनल प्रोफ. पार्ट–1
5. एम.बी.बी.एस. फाईनल प्रोफ. पार्ट–2
6. इन्टर्नशीप सर्टिफिकेट
7. एम.बी.बी.एस. डिग्री
8. एम.बी.बी.एस. प्रयास प्रमाण पत्र
9. एम.डी./एम.एस./एम.सी.एच./डी.एम/डी.एन.बी. डिग्री
10. एम.डी./एम.एस. प्रयास प्रमाण पत्र
11. मेडिकल काउंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र (एम.बी.बी.एस.)
12. मेडिकल काउंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र (एम.डी/एम.एस.)
13. रिसर्च पब्लिकेशन
14. जाति प्रमाण पत्र (केवल आरक्षित श्रेणी के लिये है।)
15. स्थानीय निवास प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग हेतु)
16. आधार कार्ड
17. प्रशिक्षण/कांफ्रेस पुरस्कार प्रमाण पत्र
18. विज्ञापित पद अनुसार शैक्षिणिक योग्यता इत्यादि के प्रमाण पत्र संलग्न करे।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

स्थान................................

दिनॉक.............................

## //घोषणा–पत्र//

1. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
2. मेरे विरूद्ध पुलिस प्रकरण में एफ.आई.आर.दर्ज नही है, और मेरे विरूद्ध कोई विभागीय जॉच प्रचलन में नही है।
3. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध मे किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय मे विचाराधीन है।
4. ममुझ पर पूर्णरूपेण 2018 महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियमशासी चिकित्सा स्व .प्र. बंधनकारी होंगे।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर